आकाशवाणी शिमला
20.03.2024/प्रादेशिक समाचार/1800बजे

मनीष गर्ग

चुनाव आयोग ने लोकसभा की 4 सीटों और विधानसभा के उपचुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता के दिशानिर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए व्यापक व्यवस्था की है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने बताया कि आचार संहिता के किसी भी प्रकार के उल्लंघन के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि चुनाव की घोषणा होने के 72 घंटों के भीतर भारत निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार सभी जिलों में सरकारी भवनों, सार्वजनिक स्थलों और बिना स्वीकृति के निजी सम्पति पर लगे 51 हजार 3 सौ 2 होर्डिंग, पोस्टर, बैनर और झंडों व दीवारों पर बनाए गए विज्ञापनों को हटा दिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशों की अनुपालना में निर्वाचन विभाग ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के 72 घंटों के भीतर ही आदर्श आचार संहिता को लागू करने के लिए त्वरित व कड़ी कार्रवाई की है।

अनुराग

भाजपा के वरिष्ठ नेता व केन्द्रीय सूचना व प्रसारण और युवा व खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस शक्ति के बहाने मातृशक्ति के स्वाभिमान को कुचलना चाहती है। एक बयान में उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा शक्ति पर दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि सनातन की भक्ति शक्ति में है और देश की हर माता व बहन हमारे लिए भक्ति स्वरूप है। अनुराग ठाकुर ने हिमाचल में राजनीतिक अस्थिरता के सवाल पर कहा कि कांग्रेस से अपना घर सम्भल नहीं पा रहा है और भाजपा पर आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार विधायक कई महीनों से मुख्यमंत्री पर उनकी अनदेखी का आरोप लगा रहे थे और चुनाव के दौरान जनता से किए वायदे भी पूरे नहीं हुए हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि 15 महीने का समय बीत जाने के बाद भी हिमाचल सरकार अपने चुनावी वायदे के मुताबिक नारी शक्ति को 15 सौ रूपए प्रति महीना और 5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी भी नहीं दे पाई।

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि कांग्रेस सेवा भाव के साथ कार्य करने में विश्वास रखती है जबकि भाजपा सिर्फ राजनीति करती है। एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने सीमित संसाधनों से प्रदेश के 22 हजार से अधिक आपदा प्रभावित परिवारों को बसाने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा नेताओं को प्रदेश की जनता के सामने अपना योगदान बताना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि बागी विधायकों को हिमाचल से बाहर फाईव स्टार होटलों में ठहराया जा रहा है और उनकी सुरक्षा पर भी भाजपा द्वारा भारी धनराशि खर्च की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के आचरण को प्रदेश की जनता भली भांति देख रही है और आने वाले चुनाव में लोग इसका जवाब देंगे।

प्रतिभा सिंह

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व सासंद प्रतिभा सिंह ने मंडी संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया है। दिल्ली में लोकसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस हाईकमान के साथ हुए मंथन के बाद प्रतिभा सिंह ने शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत के दौरान कहा कि वे अब मंडी से चुनाव नहीं लड़ना चाहती। उन्होंने कहा की वह ऐसी स्थिति में नहीं है कि मंडी से चुनाव लड़ सकें। प्रतिभा सिंह ने स्पष्ट किया कि उन्होंने इस संबंध में पार्टी हाईकमान को अवगत करवा दिया है। उन्होंने कहा कि संगठन में नाराजगी है और पार्टी के कार्यकर्ता सक्रिय नही हैं। प्रतिभा सिंह ने कहा कि सरकार को बचाने के लिए कड़ी मेहनत

की आवश्यकता है जो भी उम्मीदवार होंगे पार्टी कार्यकर्ता उनके लिए मेहनत करेंगे और सरकार को बचाने की कोशिश करेंगे।

लेडी गर्वनर

लेडी गर्वनर व राज्य रेडक्रॉस अस्पताल कल्याण अनुभाग की अध्यक्ष जानकी शुक्ल ने आज शिमला के इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान के कैंसर अस्पताल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती रोगियों को स्वच्छता किट व फल वितरित किए। लेडी गर्वनर ने मरीजों का कुशलक्षेम भी पूछा। जानकी शुक्ल ने कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि इस बीमारी का जल्दी पता चलने से शीघ्र स्वस्थ होने की सम्भावना बढ़ जाती है।

अटल–टनल

मनाली केलंग सड़क पर सोलंग नाला से आगे धुंधी में सड़क की आवश्यक मुरम्मत कार्य के चलते आज और कल अटल–टनल से लाहौल की ओर जाने वाले वाहनों पर रोक लगाई गई है। कुल्लू जिला की उपायुक्त तोरूल एस रविश द्वारा जारी आदेशों के अनुसार केवल आपातकालीन सेवा या जिन पर्यटकों के होटल की बुकिंग लाहौल में हुई है उन्हें ही अटल–टनल से होते हुए लाहौल की ओर जाने दिया जाएगा। हालांकि लाहौल से मनाली की ओर आने वाले वाहनों पर पाबंदी नही होगी।

मतदाता सूची

मण्डी जिला के निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा है कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिले के सभी 10 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों में छूटे हुए मतदाताओं के नाम जोड़े जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम दर्ज न होने पर मतदाता वोट नहीं डाल सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि छूटे हुए मतदाता 4 मई तक अपने नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं। उपायुक्त ने पंजीकृत मतदाताओं से भी अपना और अपने परिवार के सभी सदस्यों का नाम मतदाता सूची में दर्ज होने की पुष्टि करने को कहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल पर भी ई–रजिस्ट्रेशन की सेवा उपलब्ध है।